प्रादेशिक समाचार
दिनांक–05.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2026 से दो चरणों में जाति गणना के साथ जनगणना कराने का किया फैसला, संबंधित अधिसूचना 16 जून को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित होने की संभावना।
- आज विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से  एक पेड़ मा के नाम पहल से जुड़ने की अपील की।
- बकरीद को लेकर राज्य की पुलिस अलर्ट मोड पर, डीजीपी ने की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, सभी जिलों को अफवाह रोकथाम और शांति बनाए रखने के दिए निर्देश।
- मौसम विभाग ने आज राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की जताई संभावना, 10 जून के बाद राज्य में मानसून की दस्तक का पूर्वानुमान।
- बेंगलुरु स्टेडियम में हुए हादसे पर राजनेताओं ने जताया शोक, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

********************

सरकार ने वर्ष 2027 में दो चरणों में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जाति गणना भी की जाएगी। जनगणना के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 होगी। गृह मंत्रालय ने कहा कि लद्दाख और जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर, 2026 होगी।

********************

विश्व पर्यावरण दिवस आज मनाया जा रहा है। धरती पर जीवन बचाने के बारे में मनुष्य को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अंग के रूप में 1973 से प्रत्येक वर्ष 5 जून को यह दिवस मानाया जाता है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है –प्लास्टिक प्रदूषण को परास्त करना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' पहल से जुड़ने की अपील की है।

********************

विश्व पर्यावरण दिवस पर साहिबगंज वन प्रमंडल और जिला प्रशासन लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित करने का प्रयास कर रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाइट – आनंद कुमार ओझा, साहिबगंज – 44 सेकेंड

********************

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम शिक्षा और खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं– जो भारत की अमृत पीढी – युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है। एक रिपोर्ट –

********************

रांची की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शोभा चक्रवर्ती के निधन पर झारखंड में शोक की लहर है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन को चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

********************

SIGNATURE TUNE—--GONG

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।
********************

ईद–उल–जुहा (बकरीद) को लेकर कल रांची में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्यभर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस बैठक में मुख्यालय और जिलों के वरीय पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया और पिछले वर्षों की घटनाओं की समीक्षा सहित संवेदनशील इलाकों पर नजर रखने की रणनीति बनाई गई। साथ ही सोशल मीडिया पर निगरानी, अफवाह रोकथाम, भड़काऊ डीजे गानों पर नियंत्रण और प्रतिबंधित पशु तस्करी पर सख्ती के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई और सूचना देने वालों को पुरस्कृत करने के निर्देश दिए।

********************

इधर बकरीद को लेकर चतरा पुलिस ने न्यू पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में आयोजित इस मॉक ड्रिल के जरिए पुलिस बल ने त्योहार के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित स्थितियों से निपटने की तैयारी का अभ्यास किया। मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि चतरा पुलिस पूरी तरह सतर्क है और शांतिपूर्ण त्योहार सुनिश्चित करने के लिए तैयार है।

उधर धनबाद जिले में भी बकरीद को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने और अफवाहों से बचने की अपील की गई। मौके पर उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि सभी संवेदनशील क्षेत्रों में प्रशासन की निगरानी रहेगी।

********************

संक्षिप्त खबरें–

- रामगढ़ जिले में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में हुई। मौके पर उपायुक्त ने करियर काउंसलिंग का वार्षिक रोस्टर तैयार कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।
- गिरिडीह में जिला परिषद की बैठक के दौरान जल जीवन मिशन योजना की विफलता को लेकर सदस्यों ने जमकर नाराज़गी जताई। डीडीसी स्मृति कुमारी ने बताया कि गड़बड़ी करने वाले तीन संवेदकों को काली सूची में डालने की प्रक्रिया जारी है।

********************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार आज राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी और पूर्वी जिलों में उमस भरी गर्मी का एहसास होगा। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में 10 जून के बाद मानसून के आगमन की संभावना है।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बेंगलुरु के स्टेडियम में हुई दुखद घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संदेश में शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। गौरतलब है कि बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल विजेता रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू टीम के सम्मान समारोह के दौरान भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि छह वर्ष की बच्ची समेत 33 लोग घायल हैं।

********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड बंद और कैबिनेट के फैसले की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है – आदिवासी संगठनों ने सड़के जाम की, बंद कराईं दुकानें, हिनू में पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग।

हिंदुस्तान की सुर्खी है – डीजीपी ने की राज्य में विधि व्यवस्था और सुरक्षा की तैयारियों की समीक्षा, बकरीद में सुरक्षा सख्त, सोशल मीडिया पर नजर, डीजे पर रोक।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – बेंगलुरु में आरसीबी की जीत के जश्न के बीच भगदड़, 11 लोगों की मौत

दैनिक जागरण ने कैबिनेट के फैसले: गिग वर्कर्स को भी मिलेगा कल्याण योजनाओं का लाभ, सचिव होंगे जेएसएमडीसी के अध्यक्ष को प्रमुखता से लिया है।

रांची एक्सप्रेस ने झारखंड नगर पालिका संवेदक निबंधन (संशोधन) नियमावली के गठन को मिली स्वीकृति को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

***************